आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 21.04.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी रोड में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति की उच्चाधिकार समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति दी गई।
- प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के 80 शिक्षक, भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरू में लेंगे प्रशिक्षण। नवीन वैज्ञानिक शोध और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति की बारीकियां सीखेंगे।
- केदारनाथ धाम के कपाट कल सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मसूरी रोड स्थित शिव मंदिर के पास निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुल निर्माण का कार्य निर्धारित समय–सीमा के भीतर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पुल देहरादून और मसूरी को जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों ओर से आवागमन के लिए बेली ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क और पुल निर्माण से संबंधित अनेक परियोजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति की उच्चाधिकार समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने अखरोट विकास कार्यक्रम के तहत लगाए गई अखरोट की पौध की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी से इसका मूल्यांकन कर अवगत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के तहत किसानों द्वारा इससे होने वाले फलोत्पादन की भी अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। मुख्य सचिव ने कहा कि इस योजना के मूल्यांकन से आगे की कार्ययोजना बनाई जा सकेगी। उन्होंने योजना के अंतर्गत जापान के तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन से मृदा अपरदन नियंत्रण और अवसाद आपदा शमन के तहत कराए जा रहे कार्यों को आपदा प्रबन्धन विभाग के साथ जापानी तकनीक के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को साझा किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखण्ड में भूस्खलन शमन में सहायता मिल सकती है।

दिशा बैठक

केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री और अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा की अध्यक्षता में आज पिथौरागढ़ में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। श्री टम्टा ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

शिक्षक / प्रशिक्षण

उच्च शिक्षा विभाग के तहत प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के 80 चयनित शिक्षकों को देश के प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरू में प्रशिक्षण दिया जायेगा। विज्ञान संवर्ग के इन सभी शिक्षकों को नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रयोगात्मक दृष्टिकोण सहित व्यावहारिक शिक्षण विधियों से अवगत कराया जायेगा, ताकि वह छात्रों में विज्ञान के प्रति रूचि पैदा कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 24 अप्रैल से 9 मई तक आयोजित किया जायेगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि शिक्षकों को प्रतिष्ठित संस्थानों में विशेष प्रशिक्षण देकर शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण, नवोन्मेषी और भविष्य उन्मुख बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद शिक्षक अपने अनुभव व ज्ञान का लाभ अधिकाधिक छात्रों तक पहुंचाएंगे तथा प्रदेश में विज्ञान आधारित शिक्षा को नई दिशा देंगे। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग और भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरू के बीच एक समझौता हुआ है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को प्रशिक्षित कर शिक्षण संस्थानों में प्रयोगात्मक और शोधात्मक गतिविधियों को विकसित करना है।

केदारनाथ कपाट

केदारनाथ धाम के कपाट कल सुबह आठ बजे वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंच चुके हैं। केदारनाथ मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। आज बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली भी केदारनाथ धाम पहुंच चुकी है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। केदारनाथ सभा के वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित उमेश चंद पोस्ती ने बताया कि जिला प्रशासन और बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

बदरीनाथ धाम

भगवान बदरी विशाल की कपाट मंगलम की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई है। आज भगवान बदरीनाथ जी की शीतकालीन पूजा स्थली नृसिंह मंदिर में विधिवत पंच पूजा के बाद भगवान शंकराचार्य की गद्दी और विष्णु वाहन भगवान गरुड़ जी की डोली ने भू–वैकुंठ धाम को लिए प्रवेश किया। सभी देव डोलियों का मिलन, भगवान कुबेर और उद्धव जी की शीतकालीन पूजा स्थली पांडुकेश्वर में होगा। रात्रि प्रवास के बाद कल विधिवत पूजा अर्चना के बाद भगवान शंकराचार्य जी की गद्दी, भगवान गरुड़, कुबेर जी, उद्धव जी की देव डोलियां पांडुकेश्वर से बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेंगी। 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। चमोली जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य, पेयजल, यातायात और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख मार्गों और जिले की सीमाओं पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है।

परिवहन मंत्री

परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने आज हरिद्वार जिले की रुड़की तहसील परिसर में सौन्दर्यीकरण और पेंटिंग कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री ने कहा कि तहसील परिसर में फुटपाथ को सुव्यवस्थित करते हुए वॉल पेंटिंग की गई है। इससे अब तहसील कार्यालय में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी और उन्हें स्वच्छ वातावरण भी मिलेगा।